कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर म0प्र0

सार्वजनिक सूचना/PUBLIC NOTICE

दिनांक 21.04.2026

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि e-Courts Services Mobile App का नवीन उन्नत संस्करण (Version 4.0) दिनांक 05 मई 2026 को लॉन्च किया जा रहा है। नए संस्करण में अद्यतन तकनीकी संरचना (React Native Storage Architecture) लागू की जा रही है, जिसके कारण वर्तमान ऐप उपयोगकर्ताओं के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने ऐप में उपलब्ध डाटा (विशेषकर "My Cases" में सेव प्रकरण) का बैकअप (Backup) अवश्य ले लें।

अतः सभी उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वर्तमान ऐप में उपलब्ध "Export" फीचर का उपयोग कर अपने डाटा का बैकअप सुरक्षित कर लें। यह प्रक्रिया आगामी 15 दिवस के भीतर पूर्ण कर लें, जिससे किसी भी प्रकार की डाटा हानि से बचा जा सके।

Version 4.0 की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :–

1- **Direct Order Access-** Case Status स्क्रीन से सीधे आदेश PDF देखने की सुविधा।

2- **Case Conversion Tracking-** पुराने एवं नए केस नंबर एक साथ देखने की सुविधा।

3- **Personalization-** My Cases में पेजिनेशन (प्रति पष्ठ 10 प्रकरण) की सुविधा, जिससे ऐप की गति में सुधार।

4- **Unified Quick Links-** ePay, NJDG एवं e-Filing सेवाएँ एक ही "Quick Link" मेनू में उपलब्ध।

5- **BHUVAN Maps Integration-** न्यायालय परिसरों का स्थान आसानी से खोजने की सुविधा।

अतः सभी अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं आम नागरिकों से अनुरोध है कि निर्धारित समय–सीमा के भीतर उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। यह सूचना न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट, ई–सेवा केन्द्रों एवं न्यायालय परिसरों में व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु जारी की जा रही है।

नोट :– विस्तृत जानकारी हेतु संबंधित न्यायालय या ई–सेवा केन्द्र से संपर्क करें।

21/04/2026

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
सागर म.प्र.